मेरी पहचान मेरा सांवरा

सांवरे सलोने मुझे तेरा ही सहारा
तेरे नाम से ही बाबा मेरी पहचान हो गई

जबसे तुमसे प्रेम हुआ है तुझ में मगन रहती हूँ
दुनिया वाले कुछ भी समझे तुमसे ये कहती हूँ
काँधे पे तेरे केश काले काले वीर कहलाये तीन तीर वाले
भूलूंगी नहीं एहसान तुम्हारा
मेरी हर एक साँसें अब तेरे नाम हो गई
सांवरे सलोने मुझे तेरा ही सहारा ....

जब भी कोई संकट आया तेरा नाम लिया है
तूने भी पल भर में बाबा मुझको थाम लिया है
जो मैंने चाहा तुमने दिया है
एहसान मुझ पे तुमने किया है
तूने थामी मेरी कलाई साड़ी मुश्किलें तब से मेरी आसान हो गई
सांवरे सलोने मुझे तेरा ही सहारा ....

श्याम सांवरे हारे वाले सूरत तेरी सुहानी
मोरछड़ी और सुवाड निशानी संग घोडा आसमानी
दर पे कड़ी है तेरी दीवानी सुनले सांवरे अर्ज़ी हमारी
हो गई सोम तेरी दीवानी खुशियों से माधव की अब सुबह शाम हो गई
सांवरे सलोने मुझे तेरा ही सहारा ....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20387/title/meri-pehchan-mera-sanware

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |